शुक्रवार
16 दिसंबर, 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक




भोजपुर में जमीन के विवाद में प्रॉपर्टी डीलर को बदमाशों ने मारी गोली 3

## उपलब्धि... परमाणु संपन्न बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल प्रशिक्षण




भारत और चीन के सैनिकों के बीच अरुणाचल प्रदेश के तवांग में हुई झड़प के बाद बढ़े तनाव के बीच भारत ने गुरुवार को जमीन से जमीन पर मार करने की क्षमता वाली परमाणु संपन्न बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का रात्रि परीक्षण सफलतापूर्वक किया। ओडिशा के बालासोर तट स्थित अब्दुल कलाम परीक्षण केंद्र पर इसका परीक्षण किया गया। खास बात यह है कि नई अग्नि मिसाइल की मारक क्षमता 5,000 से 8,000 किमी है। अग्नि-5 की ऊंचाई 17 मीटर और व्यास 2 मीटर है। मिसाइल का वजन 50 टन है जोकि 1.5 टन तक न्यूक्लियर वॉरहेड ढोने में सक्षम है। अग्नि-5, 24 गुना तेज आवाज की रफ्तार के साथ मुकाबला कर सकती है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, यह मिसाइल बीजिंग, शंघाई, ग्वांगझाउ और हांगकांग सहित पूरे चीन को निशाना बनाने में सक्षम है। अग्नि-5 अपनी श्रृंखला में सबसे आधुनिक हथियार है। इसमें नौवहन के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकियां हैं। परमाणु सामग्री ले जाने की इसकी क्षमता दूसरी मिसाइल प्रणालियों से कहीं ज्यादा है।

**सवालों के घेरे में सरकार : छपरा में जहरीली शराब से मौत मामले में भाजपा ने मुख्यमंत्री से मांगा इस्तीफा**

# जो नकली शराब पीएगा वह मरेगा ही : नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में शराबबंदी लागू है लेकिन आए दिन जहरीली देसी शराब से हो रही मौतों को लेकर सरकार सवालों के घेरे में है। बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी बीजेपी लगातार नीतीश कुमार को घेर रही है और इस पर जवाब मांग रही है। बीजेपी नीतीश कुमार से इस्तीफा भी मांग रही है। इस बीच गुरुवार को सीएम नीतीश कुमार ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि जहरीली शराब से देश भर में लोग मरते हैं। बिहार में शराबबंदी सफल है।

गुरुवार को बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार ने कहा कि जो नकली शराब पिएगा वह तो मरेगा ही। बिहार में शराबबंदी को लेकर उठाए जा रहे सवाल पर नीतीश कुमार ने कहा कि सारे दल के लोगों ने मिलकर ये फैसला किया था। एक-एक लोगों ने शपथ ली थी। समाज में आप कितना भी अच्छा काम कर लें लेकिन कोई न कोई तो गड़बड़ करेगा ही। क्राइम को रोकने के लिए कानून बना है लेकिन तो भी हत्या होती है। बीजेपी इस्तीफा मांग रही है।

- विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी बीजेपी लगातार नीतीश कुमार से शराब मामले पर मांग रही जवाब
- नीतीश कुमार का बड़ा बयान जहरीली शराब से देश भर में लोग मरते हैं, बिहार में शराबबंदी सफल है



### नीतीश कुमार बोले- दोषियों पर होगी कार्रवाई

नीतीश कुमार ने मीडिया से कहा कि कितनी बड़ी संख्या में लोगों ने आज शराब को पीना छोड़ दिया। महिलाओं ने क्या-क्या कहा था कि जिनके पति पहले शराब पीते थे आज वो छोड़ चुके हैं बाहर से आते हैं तो सब्जी लेकर आते हैं। बच्चों को पढ़ने भेजते हैं। बहुत लोगों ने इसको स्वीकार कर लिया है। एक सवाल पर कि क्या अब एक्शन होगा। इस पर नीतीश कुमार ने कहा कि हमने कहा कि जो यह असली काम कर रहा है उसको पकड़ो। जो गरीब है और ऐसे ही कर दिया है तो उसको समझाना है।

कह रही है इस कानून से कोई फायदा नहीं है। इस पर नीतीश कुमार ने कहा कि शराबबंदी कानून से बहुत लोगों को फायदा है। जहरीली शराब से होने वाली मौत को लेकर नीतीश कुमार ने बीजेपी पर पलटवार किया। कहा, बीजेपी वालों से पूछिए कि जहां-जहां उनका शासन है वहां जहरीली शराब से कितनी मौत हो रही है। कुछ नहीं बोलते हैं वो लोग। बीजेपी को लेकर कहा कि अभी तीन-चार महीने पहले जब वो लोग साथ थे तब ये नहीं हो रहा था।

### मंत्री समीर महासेठ बोले... बिहार में नहीं आ रही एक नंबर की दारू

छपरा में हुई जहरीली शराब से मौत के सवाल पर बुधवार को नीतीश सरकार के मंत्री समीर कुमार महासेठ ने कहा कि बिहार में एक नंबर की दारू नहीं आ रही है. शराब नहीं जहर आ रहा है, कृपया लोग न पीएं. अगर लोग जहर पी कर मर रहे हैं तो गलत कर रहे हैं। उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ बुधवार को हाजीपुर में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने मीडिया से कहा कि सरकार की तरफ से यह प्रचार कर दें कि बिहार में शराब नहीं जहर आ रही है तो लोग पीना छोड़ देंगे। समीर महासेठ ने कहा कि लोग खूब दौड़ें, खूब खेलें और शरीर बनाएं। शराब जैसी चीजों का त्याग करें। बिहार में मिल नहीं रही है, गलत तरीके से लोग बिहार में इसे ठेल रहे हैं। बिहार में जहर परोसा जा रहा है। यह जहर है और पीने से हमारी किडनी डैमेज होती है।

### बिहार में शराबबंदी विफल, 48 घंटे में इसे रद्द करे सरकारः प्रशांत किशोर

- प्रशांत किशोर का आरोप- सीएम नीतीश के इर्द-गिर्द रहने वाले लोग पीते हैं शराब

सारण जिले में जहरीली शराब पीने से अब तक 48 लोगों की मौत हो चुकी है। छपरा शराब कांड पर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने शराबबंदी को एक विफल योजना बताते हुए इसे 48 घंटे के भीतर रद्द करने की मांग की है। इस दौरान उन्होंने बीजेपी, सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है। शराबबंदी की विफलता के लिए सबको जिम्मेदार ठहराया। प्रशांत किशोर ने कहा कि सीएम नीतीश के इर्द-गिर्द रहने वाले लोग शराब पीते हैं।

**'शराबबंदी हटाने के लिए बीजेपी ने क्या किया?' :** बिहार में जन सुराज पदयात्रा कर रहे प्रशांत किशोर ने गुरुवार को पूर्वी चंपारण के ढाका में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग जो आज विधानसभा में हंगामा कर रहे हैं, जदयू के साथ 5 वर्ष साथ रहकर शराबबंदी का समर्थन किया। प्रशांत किशोर ने कहा अब कोई भाजपा से सवाल नहीं कर रहा कि जब आप सरकार में थे, आपने शराबबंदी हटाने के लिए क्या किया।

**शराबबंदी को लेकर अपना पक्ष स्पष्ट करें पार्टियां :** प्रशांत किशोर ने कहा बिहार में जितने भी दल हैं, उन्हें शराबबंदी को लेकर अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए। तेजस्वी यादव को आड़े हाथ लेते हुए पीके ने कहा जब राजद विपक्ष में थी, तब शराबबंदी पर नीतीश सरकार को घेर रहे थे। अब ये खुद सरकार चला रहे हैं तो इन्हें शराबबंदी सही लग रही है। उन्होंने कहा कि अब इस कानून की समीक्षा की जरूरत नहीं है। शराबबंदी के कारण बिहार का माखौल बन रहा है।

## 10 सिखों के एनकाउंटर मामले में 43 पुलिसकर्मियों को 7-7 साल की सजा

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 1991 के 10 सिखों के एनकाउंटर मामले में 43 पुलिसकर्मियों को गैर इरादतन हत्या का दोषी करार दिया है।

पुलिसकर्मियों ने 1991 में दस सिखों को खालिस्तान लिब्रेशन फ्रंट का आतंकी बता कर कथित एनकाउंटर में मार दिया था। ट्रायल कोर्ट ने इन पुलिसकर्मियों को हत्या का दोषी पाते हुए 4 अप्रैल 2016 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। न्यायालय ने निचली अदालत के उक्त फैसले को निरस्त करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों को सात-सात साल कारावास की सजा सुनाई है।

## सीवान में बेखौफ बदमाशों ने एक कोचिंग संचालक को मारी गोली

**केटी न्यूज/सीवान**

सीवान में बेखौफ बदमाशों ने एक कोचिंग संचालक को गोली मार दी। इलाज के लिए उसे सीवान सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उसे पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया है। घटना गुरुवार की दोपहर सहायक सराय ओपी थाना क्षेत्र के बड़कागांव के पास हुई।

घायल की पहचान सहायक सराय ओपी थाना क्षेत्र के बड़कागांव निवासी स्व. पास पति मिश्रा के पुत्र दया निदान मिश्रा के रूप में की गई। दरअसल, घटना के संबंध में बताया जाता है कि

- जमीन पर मापी कराने के दौरान बदमाशों ने सिर में मारी गोली, हालत गंभीर

कोचिंग संचालक दया निदान अपने भूमि की मापी करा रहा था। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन की संख्या में पहुंचे नकाबपोश बदमाशों ने कोचिंग संचालक के सिर में पिस्टल सटाकर गोली मार दी। इसके बाद तीनों हथियार लहराते हुए फरार हो गए। इसके बाद आननफानन में स्थानीय लोग उसे उठाकर सीवान सदर अस्पताल ले गए। घटना की वजहों का पता नहीं लग सका है।

## मुख्तार अंसारी व भीम सिंह को 10 साल की सजा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गैंगस्टर कोर्ट द्वारा बाहुबली मुख्तार अंसारी और उसके सहयोगी भीम सिंह को सजा सुनाई गई है। इस बीच कोर्ट में लंबी बहस हुई और कई दलीलें दी गई। बता दें कि कोर्ट का फैसला 26 साल बाद आया है। इसी बीच जानकारी मिली कि मुख्तार अंसारी के वकीलों ने मुख्तार के पारिवारिक पृष्ठभूमि का भी जिक्र किया था, जिससे मुख्तार को कोर्ट से राहत मिल सके। मगर कोर्ट ने सभी दलीलों को दरकिनार कर दिया।

गैंगस्टर एक्ट का यह मामला 1991 में वाराणसी में अवधेश राय हत्याकांड के बाद मुख्तार अंसारी और उसके सहयोगी भीम सिंह पर



गाजीपुर की सदर कोतवाली में 1996 में दर्ज हुआ था। तब मुख्तार अंसारी पर 1991 में अवधेश राय हत्याकांड, गाजीपुर कोतवाली क्षेत्र में तत्कालीन एडिशनल एसपी पर गोली चलाने के अलावा कुछ अन्य मामलों को लेकर कुल पांच चार्ज लगे थे।

इन पांच में दो वाराणसी, दो गाजीपुर और एक चंदौली में हुए केस थे। 1996 में ये केस दर्ज हुए

- अवधेश राय हत्याकांड व अन्य मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा, पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया
- 26 साल के लंबे इंतजार के बाद आया है कोर्ट का फैसला

थे। 26 साल के बाद गुरुवार को कोर्ट ने मुख्तार अंसारी और उसके सहयोगी भीम सिंह को दोषी करार देते हुए 10 साल जेल की सजा सुनाई है। साथ ही पांच लाख का जुर्माना भी लगाया है। तीन अगस्त 1991 को अवधेश राय लहुराबीर स्थित अपने घर के दरवाजे पर थे, उसी समय अंधाधुंध फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई थी।

## हीरा कारोबारी नीरव मोदी की अपील को यूके कोर्ट ने ठुकराया

**नई दिल्ली।** भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को यूके के हाईकोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। उसकी अपील को कोर्ट ने ठुकरा दिया गया है। इसके बाद वो प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ यूके के सुप्रीम कोर्ट में अपील नहीं कर सकेगा। पिछले माह नीरव को भारत प्रत्यर्पित करने के मामले में लंदन हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला दिया था। नीरव ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा था कि भारत में जेलों की हालत बेहद खराब है और वहां उसे जान का खतरा भी हो सकता है। लेकिन अदालत ने कहा- नीरव को भारत के हवाले करने का लोअर कोर्ट का फैसला गलत नहीं है।

हाईकोर्ट में अपील खारिज होने के बाद नीरव मोदी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर सकता था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट में कोई अपील तभी दायर की जा सकती है जब हाईकोर्ट यह कह दे कि मौजूदा केस आम लोगों के लिए अहम है। लेकिन आज की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने साफ कहा कि उसे नहीं लगता कि इस केस की कोई अहमियत लोगों के लिए है। नीरव अब यूरोपीयन कोर्ट ऑफ ह्यूमन राइट्स के रूल 39 के तहत अपील दायर कर सकता है। इसमें उसे राहत मिल सकती है। ये उसके लिए आखिरी विकल्प होगा।

## अगले पांच सालों में हिमाचल की सड़कों से गायब हो जाएंगे पेट्रोल और डीजल के वाहन

**केटी न्यूज/शिमला**

अपनी खूबसूरत वादियों के लिए पर्यटकों के बीच मशहूर हिमाचल प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कई अहम बदलाव होने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अगुवाई में बनी कांग्रेस की नई सरकार के एजेंडे में हिमाचल की आबोहवा प्राथमिकता में है। सीएम सुक्खू ने बताया कि अगले पांच सालों में हिमाचल की सड़कों से पेट्रोल-डीजल के वाहन हटा दिए जाएंगे। इनकी जगह इलेक्ट्रिक व्हीकल लेंगे। 3 जिलों में ग्रीन सिटी पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, पहले चरण में राजधानी शिमला, कांगड़ा और कुल्लू जिले में पेट्रोल-डीजल से चलने वाली सरकारी गाड़ियों को बदला जाएगा। फिर धीरे-धीरे प्राइवेट गाड़ियों को बदलने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। अधिकारियों को इन जिलों में इस प्रोजेक्ट की सफलता के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम सुखविंदर सुक्खू ने कहा कि टूरिज्म और हाईड्रो सेक्टर के लिए सरकार ओपन पॉलिसी लाएगी। राज्य में निवेशकों को क्लीरेंस लेने में किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए सरकार उद्योगों को स्वयं क्लियरेंस लेकर देगी। राज्य में आने वाले निवेश से 70 प्रतिशित लोकल लोगों को रोजगार मिलेगा।

**पर्यावरण की रक्षा के लिए नई सरकार की अच्छी पहल**



### हिमाचल में एसीसी और अंबुजा सीमेंट के प्लांट अनिश्चितकाल के लिए बंद

**शिमला।** हिमाचल में अडानी ने दो सीमेंट प्लांट अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिए है। इससे पूरे प्रदेश में हड़कंप मच गया है। आनन-फानन में राज्य के मुख्य सचिव आरडी धीमान ने डीसी सोलन और डीसी बिलासपुर को जल्द विवाद का हल निकालने के निर्देश दिए हैं। मगर, अभी विवाद सुलझता नजर नहीं आ रहा है। बिलासपुर के बरमाणा में एसीसी और सोलन के दाड़लाघाट में अंबुजा सीमेंट प्लांट कुछ और दिन बंद रहे तो आने वाले दिनों में प्रदेश सहित समूचे उत्तर भारत में सीमेंट का संकट गहरा सकता है और इसकी कालाबाजारी बढ़ेगी। बताया जा रहा है कि अडानी समूह ने प्लांट बंद करने से कंपनी एक्ट के तहत नोटिस भी नहीं दिया। फैक्ट्री में कर्मचारियों को दफ्तर नहीं आने को लेकर जरूरी नोटिस लगाए गए। मगर, सरकार के ध्यान में यह मामला नहीं लाया गया। बता दें कि दोनों प्लांट बीती शाम 5 बजे से बंद है। कंपनी ने कर्मचारियों और कामगारों को आगामी आदेशों तक दफ्तर नहीं आने के निर्देश दे रखे हैं।

## भ्रष्टाचार का सबूत नही होने पर भी नौकरशाह को दी जा सकती है सजा

**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे नौकरशाहों की राह सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से और ज्यादा मुश्किल होने वाली है। संवैधानिक बेंच ने अपने अहम निर्णय में उन्हें सजा दिलाने का नया रास्ता निकाल दिया है। पांच जजों की बेंच ने कहा है कि अगर नौकरशाह के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में सीधा सबूत न भी हो तो भी उन्हें सजा दी जा सकती है। ऐसे में परिस्थिजन्य साक्ष्यों के आधार पर उन्हें सजा दी जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में अवैध लाभ हासिल करने के आरोप में कोई प्रत्यक्ष सबूत न होने की सूरत में किसी नौकरशाह को परिस्थिजन्य साक्ष्य के आधार पर भी दोषी ठहराया जा सकता है। जस्टिस एसए नजीर की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान बेंच ने कहा कि शिकायतकर्ताओं के साथ-साथ अभियोजन पक्ष को भी ईमानदार कोशिश करनी चाहिए, ताकि भ्रष्ट अफसरों को दोषी ठहराकर उन्हें सजा दी जा सके और शासन-प्रशासन को साफ-सुथरा व भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जा सके। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर मृत्यु या किसी अन्य कारण से शिकायतकर्ता नहीं उपलब्ध है, तो भी नौकरशाह को दोषी ठहराया जा सकता है।




## खबरें फटाफट

### छत से गिरकर युवक हुआ जख्मी, इलाजत

**आरा।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में बुधवार की शाम छत से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी जगदीशपुर गांव वार्ड नंबर 3 निवासी राजेंद्र चौधरी का 25 वर्षीय पुत्र अशोक कुमार है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार की देर शाम छत पर घर के बच्चे बदमाशी कर रहे थे। उसको लेकर वह छत पर जाकर उन्हें समझा रहा था। उसी दौरान वह अचानक वह छत से सीधा नीचे गिर पड़ा।

### दो बाइक की भिड़ंत में एक युवक जख्मी

**आरा।** आरा-अरवल मुख्य मार्ग पर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पियनियां गांव के समीप गुरुवार की दोपहर दो बाइक की आपसी भिड़ंत हो गई। उसमें बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के बागर गांव निवासी भूषण प्रसाद का 19 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार है। उसके दोस्तों ने बताया कि गोलू कुमार अपने एक मित्र के साथ बाइक से अपने गांव से आ रहा रहा था। उसी दौरान पियनिया गांव के समीप पीछे से आ रहे एक अपाची बाइक सवार ने उसके बाइक ने जोरदार ठोकर मार दी। उससे बाइक चला रहा गोलू कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जबकि बाइक पर पीछे बैठा उसका एक अन्य दोस्त बाल-बाल बच गया। उसके बाद गोलू कुमार को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। हालांकि हादसे में किसी को जान का नुकसान नहीं हुआ।

# एनसीडी स्क्रीनिंग बढ़ाने के लिए तेज हुई निगरानी, चलेगा जागरूकता अभियान

**केटी न्यूज/बक्सर**

- लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रखंडवार निर्धारित किया गया है लक्ष्य, प्रतिदिन होती है निगरानी
- सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर एनसीडी के अंतर्गत रोगों की होती है नि:शुल्क जांच

जिले में लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं व सुविधाओं का लाभ मिल सके, इसके लिए इनको और भी सुदृढ़ किया जा रहा है। ताकि, जिलास्तर से लेकर पंचायत स्तर तक लोग सुगमता से इन सेवाओं का लाभ उठा सकें। इस क्रम में स्वास्थ्य विभाग ने एनसीडी (नॉन काम्युमकेबल डिजीज/गैर संचारी रोग) स्क्रीनिंग की सख्त निगरानी शुरू की है। इसके लिए प्रखंड स्तर पर एनसीडी स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही, इसकी प्रतिदिन निगरानी की जा रही है। ताकि, अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस क्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी संबंधित पदाधिकारियों, चिकित्सकों, सीएचओ, एएनएम व कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।



मरीज की जांच करती सीएचओ

जिसमें एनसीडी स्क्रीनिंग को लेकर उन्मुखीकरण किया गया। हालांकि, इसके लिए लोगों को भी जागरूक करने की तैयारी की जा रही है। ताकि, लोगों को पता चल सके कि गैर संचारी रोगों में कौन-कौन सी बीमारियां आती हैं। जिससे वो अपने नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में जाकर एनसीडी स्क्रीनिंग का लाभ उठा सकें।

### विशेष शिविरों का किया जाता है आयोजन

प्रिंस कुमार सिंह ने बताया, सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर लोगों के लिए एनसीडी से संबंधित सभी बीमारियों की जांच नि:शुल्क प्रदान की जाती है। वहीं, एनसीडी का लाभ अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने के लिए समय समय पर विशेष शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें विशेष रूप से बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं व जरूरतमंद मरीजों की जांच की जाती है। लेकिन, अब एनसीडी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए व्यापक स्तर पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसके माध्यम से लोगों को एनसीडी स्क्रीनिंग के संबंध में जानकारी हो सके। साथ ही, इस क्रम में अब प्रखंड स्तर से लेकर पंचायत स्तर पर एनसीडी की निगरानी सख्त की जाएगी। ताकि, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जा सके।

**सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर है एनसीडी स्क्रीनिंग की सुविधा :** बीसीएम प्रिंस कुमार ने बताया, फिलवक्त प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक लोगों को एनसीडी स्क्रीनिंग लाभ दिलाया जा रहा है। इसके लिए सदर अस्पताल, पीएचसी व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर एनसीडी से संबंधित सभी सेवाएं उपलब्ध हैं। चाहे वो ब्लड प्रेशर की जांच हो या शुगर की जांच हो, इनके लिए मशीन उपलब्ध हैं। पंचायत स्तर पर स्थापित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर भी लोग इनकी जांच करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि लोगों को यह मालूम होना चाहिए की एनसीडी में कौन कौन से रोग आते हैं। इसके लिए स्वास्थ्य संस्थानों पर पोस्टर व बैनर लगाए गए हैं। जिनमें बताया गया है कि गैर संचारी रोगों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अधिक वजन होना (मोटापा), हृदय रोग तथा लकवा, कैंसर, दमा, दंत रोग व मसूड़े के रोग आते हैं। साथ ही, आशा कार्यकताओं के माध्यम से समय समय इनका प्रचार प्रसार किया जाता है।


## ठंड से नालंदा के मजदूर की मौत लावारिस हालत में मिली लाश

**केटी न्यूज/आरा**

- सात साल पहले घर से भागा था मजदूर, फोटो के जरिए परिजनों ने की पहचान
- शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

जिले के नवादा थाना क्षेत्र की बाजार समिति की महादलित टोली के पास बुधवार की रात लावारिस हालत में नालंदा के एक मजदूर का शव बरामद किया गया है। उसकी ठंड लगने से मौत होने की बात कही जा रही है। मृत मजदूर नालंदा के बेना थाना क्षेत्र के सिरनावां गांव निवासी विष्णु दयाल राम का 27 वर्षीय पुत्र धनंजय राम था। वह करीब सात साल पूर्व अपने घर से भाग निकला था। उसके बाद से ही परिजन उसे ढूंढ रहे थे। शव मिलने की सूचना पर नवादा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

मजदूर के भाई सुबोध राम ने बताया कि वह धनंजय करीब सात साल पूर्व गांव से भाग गया था। उसके बाद उसकी काफी खोजबीन की गयी थी, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। वह गांव पर पहले एक चिमनी भट्टा और फिर गाड़ी पर रहता था।बुधवार की रात आरा बाजार समिति स्थित उसे पहचानने वालों लोगों ने चिमनी वाले को फोन कर उसकी मौत की जानकारी दी। व्हाट्सएप के जरिए फोटो भी भेजा गया। उस आधार पर चिमनी वाले की ओर से उसकी पहचान कर सूचना दी गयी। तब वह गुरुवार



की सुबह आरा सदर अस्पताल पहुंचा और शव देखकर पहचान की। पुलिस के अनुसार मजदूर की मौत ठंड लगने के कारण होना लग रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मजदूर की तीन शादी हुई थी। लेकिन तीनों उसे छोड़कर चली गई थी। वह चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसके परिवार में तीन सरोज देवी, कुटरी देवी, इंदु देवी , भाई लाला राम, सुबोध राम और स्वसिन्द्र राम है। उसकी मां गिरिजा देवी की मृत्यु 10 वर्ष पूर्व लकवा बीमारी के कारण हो गई थी।

## बहन के जेठ के बेटे ने दी थी धमकी, शाम को मार दी गोली

# भोजपुर में जमीन के विवाद में प्रॉपर्टी डीलर को बदमाशों ने मारी गोली, स्थिति गंभीर

- प्रॉपर्टी डीलर बोला : बहन की जमीन को लेकर जेठ से था विवाद
- बयान लेने के बाद घटना की जांच और गोली मारने वालों की धरपकड़ में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

शहर से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा बांध के समीप गुरुवार की देर शाम बदमाशों ने बाइक सवार एक प्रॉपर्टी डीलर को गोली मार दी। गोली प्रॉपर्टी डीलर को गोली बायें हाथ में पैर में घुटने के पास लगी है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उनका इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरहियां गांव निवासी राम ध्यान सिंह का 28 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र यादव है। वहीं गोली मारने का आरोप उसकी बहन के जेठ और उसके लड़के पर लगाया जा रहा है। घटना के बाद आरोपित भाग निकले। जख्मी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि



जख्मी डीलर का इलाज करते चिकित्सक

उनके बहन की जमीन गांव में है। बहन के जेठ का लड़का उस जमीन को बेचने की बात कह रहा था। वह उसका विरोध कर रहा था और जमीरा के सरपंच से उसकी शिकायत भी की गयी थी। उसे लेकर बहन के भैंसूर और उसने बेटे ने जान से मारने की धमकी दी गयी थी। गुरुवार को वह दानापुर अपने दोस्त से मिलने गया था। गुरुवार की देर शाम वह बाइक से अपने गांव लौट रहा था। उसी दौरान जमीरा गांव स्थित बांध के समीप दो बाइक सवार बदमाशों द्वारा चलती बाइक पर उसे गोली मार दी गयी। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट अस्पताल लाया गया। धर्मेंद्र यादव द्वारा अपनी बहन के भैंसुर लड्डू के लड़के दिनेश पर गोली मारने का आरोप लगाया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। इधर, इलाज कर रहे डॉक्टर सर्जन विकास सिंह ने बताया कि युवक को एक गोली बाएं हाथ और एक बाएं पैर में घुटने के नीचे लगी थी गोली अंदर फांसी थी। उसका ऑपरेशन कर बुलेट निकाल दिया गया है।

## रिश्ते का कत्ल: बंटवारे के विवाद में बड़े भाई की रॉड से पीटकर हत्या

- एक कट्ठा जमीन की बिक्री के पैसे मांगने पर वारदात को दिया गया अंजाम
- छोटे भाई और देवरानी पर हत्या का आरोप, धरपकड़ में जुटी पुलिस

**आरा।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभी डुमरा गांव में गुरुवार की रात जमीन बिक्री के पैसे के विवाद में एक युवक की रॉड से पीटकर हत्या कर दी गयी। छोटे भाई द्वारा अपनी पत्नी के साथ मिल उसको मार डाला गया। मृत युवक

शोभी डूमरा गांव निवासी राम ईश्वर पासवान का 35 वर्षीय पुत्र बड़े पासवान था।वह पेशे से कार का चालक था। उसकी पत्नी सीमा देवी ने बताया कि उनके ससुर रामईश्वर पासवान द्वारा दो दिन पूर्व एक कट्ठा जमीन बेची गयी थी। उसका सारा पैसा देवर बबलू पासवान ने

रख लिया था। गुरुवार की देर शाम उसके पति ने अपने छोटे बबलू से कहा कि हम चार भाई हैं। जमीन के पैसे में सभी का हिस्सा है। सब पैसा तुमने कैसे रख लिया। उस पर बबलू ने कहा कि कागज का काम उसने किया है। ऐसे में दूसरे को पैसे नहीं देगा। उस बात को लेकर दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। उसके बाद बबलू और उसकी पत्नी ने रॉड से उसके पति की जमकर पिटाई कर दी। उससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। आरोपितों की धरपकड़ का भी प्रयास किया जा रहा है। बताया जाता है कि युवक अपने चार भाई और दो बहन में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में पत्नी सीमा देवी, पुत्र डब्लू ,कल्लू और लल्लू है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी सीमा देवी और बच्चों रो-रोकर बुरा हाल है।

## इटली की दंपति ने अनाथ तेज प्रताप को लिया गोद

**के टी न्यूज/आरा**

समाज कल्याण विभाग के अधीन संचालित विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, भोजपुर से इटली के दपंती को गुरुवार को लगभग तीन वर्ष के बच्चें को दत्तक ग्रहण में दिया गया। दपंती मूल रूप से इटली के निवासी है। उक्त दपंती द्वारा बताया गया कि उन्होंने केन्द्रीय दत्तक ग्रहण अभिकरण के बेबसाईट पर अपना आवेदन दिया गया था। उक्त संस्थान में 0-6 वर्ष के अनाथ बेसहारा, परित्यक्त बच्चों विधिक दत्तक ग्रहण के उद्देश्य से आवासित कराया जाता है। केन्द्रीय दत्तक ग्रहण अभिकरण द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के बाद इच्छुक दपंती को विधि रूप से पूर्व दत्तक ग्रहण में दिया गया।



भोजपुर जिलाधिकारी की गोद में तेजप्रताप

इस अवसर पर श्री राजकुमार, जिला पदाधिकारी, भोजपुर, श्री विनोद कुमार ठाकुर, सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, भोजपुर, बाल कल्याण समिति, भोजपुर के अध्यक्ष श्री मनोज प्रभाकर, श्री वीर अभिमन्यु एवं श्री शक्ति कुमार भाष्कर, बाल संरक्षण पदाधिकारी, भोजपुर तथा विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, भोजपुर के समन्वयक श्री धर्मेन्द्र कुमार एवं अन्य कर्मी मौजूद थे, साथ ही जिला पदाधिकारी, भोजपुर ने दत्तकग्रही माता-पिता को इस नेक कार्य की सराहना करते हुए बच्चे की उज्जवल भविष्य की कामना की।

दत्तकग्रही माता-पिता द्वारा जिला प्रशासन भोजपुर का आभार व्यक्त किया गया। श्री राजकुमार, जिला पदाधिकारी, भोजपुर ने बताया की बच्चे को गोद लेने के लिए निःस्तान दंपत्ति ऑन-लाईन आवेदन निर्धारित पोर्टल केयरिग्स पर कर सकते हैं, विशेष जानकारी हेतु इस मामले में विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, भोजपुर अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई, भोजपुर से संपर्क किया जा सकता है। गोद लेने की प्रक्रिया काफी आसान है, गोद लेने के लिए देश के साथ विदेशों से भी दंपत्ति आवेदन कर रहे हैं, और गोद ले रहे है।

## वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, पटना रेफर

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर कसाप गांव के समीप बुधवार की रात किसी वाहन ने बाइक सवार एक युवक को ठोकर मार दी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आरा सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है।

जख्मी युवक मदुरा गांव निवासी स्व.अजय सिंह के 40 वर्षीय पुत्र प्रभात कुमार है। इधर, पुत्री अनन्या कुमारी ने बताया कि उसके पिता दूध के कारोबारी हैं। वह गांव-गांव जाकर दूध की सप्लाई करते हैं। वह सभी टाउन थाना क्षेत्र के धनपुरा गांव स्थित किराये के मकान में रह अपनी पढ़ाई करते हैं। बुधवार की रात उसके पिता गड़हनी से दूध देकर बाइक से वापस धनुपरा लौट रहे थे। उसी दौरान कसाप गांव के समीप अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत देख पटना रेफर कर दिया गया।

## एक नजर

### स्वास्थ्य विभाग की टीम को दिया गया प्रशिक्षण




**जहानाबाद।** जिला स्वास्थ समिति जहानाबाद में प्रखंड स्वास्थ्य टीम को एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में एकीकृत रोग सर्वेक्षण कार्यक्रम अंतर्गत क्षेत्र में चलाए जा रहे रोग निगरानी कार्यक्रम के बारे में बताया गया। क्षेत्र में फैलने वाले संक्रामक बीमारी जैसे- जापानी इंसेफेलाइटिस, टाइफाइड, डायरिया, मीजल्स, चिकन पॉक्स आदि पर भी जानकारी दिया गया। ताकि क्षेत्र में रोग को पहचान कर जिला स्तर तक सूचना दी जा सके। जिससे समय रहते बीमारियों का निगरानी करते हुए निरोधात्मक एवं उपचारात्मक कार्रवाई की जा सके। साथ ही सभी सुपरीटेंडेंट, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, अस्पताल प्रबंधक को अपने संस्थान अंतर्गत या क्षेत्र अंतर्गत हो रहे निगरानी कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रतिवेदन प्रतिदिन पोर्टल के माध्यम से की जा रही जिसका अपने अस्तर से ऑनलाइन मॉनिटरिंग करने का प्रशिक्षण दिया गया एवं प्रखंड स्तर पर एक-एक नामित नोडल को भी इस कार्य हेतु उन्मुखीकरण किया गया। प्रशिक्षण के क्रम में राज्य स्तर, जिला स्तर एवं प्रखंड स्तर का रैंकिंग पर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षक के रूप में जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, जिला डाटा प्रबंधक, डी ई ओ एवं जिला कोऑर्डिनेटर आद्री द्वारा दिया गया।

### बिना अनुमति के प्रचार में लगे आठ वाहन चिन्हित

**जहानाबाद।** नगर निकाय चुनाव प्रचार में बिना अनुमति के इस्तेमाल किए जा रहे आठ वाहनों को चिन्हित कर इनके विरुद्ध अंचलाधिकारी द्वारा दण्डात्मक कार्यवाही की अनुशंसा मात्र से प्रचार अभियान के अंतिम दिन प्रचार का शोर अन्य दिनों की अपेक्षा कम दिखा।हालाँकि चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करने को लेकर प्रत्याशी समर्थकों के साथ संपर्क अभियान करने में जुटे रहे।विदित 18 दिसम्बर के मतदान के लिए प्रत्याशियों को प्रचार हेतु वाहनों के उपयोग के लिए गुरुवार तक की ही अनुमति प्रदान की गई है।शायद यही वजह है कि कई प्रत्याशियों ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करते हुए चुनाव अभियान को गति प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुवार को समर्थकों के साथ रैली निकाली गई।विदित हो कि नवगठित नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एंव वार्ड पार्षद (16) हेतु 149 प्रत्याशी चुनावी दंगल में डटे हैं। जिनके भाग्य का फैसला 16540 मतदाता प्रशासन द्वारा बनाए गए 24 मतदन केन्द्रों पर अपने मतों का उपयोग कर करेंगे।

## निक्षय मित्र योजना के तहत गोद लिए गए टीबी मरीजों के बीच पोषण सामग्री का हुआ वितरण

# टीबी मरीजों को गोद लेना मेरी नैतिक जिम्मेदारी : डॉ. रणवीर

**केटी न्यूज/पटना**

- डॉ. रणवीर चौधरी ने पांच टीबी मरीजों को लिया गया गोद

जिला यक्ष्मा कार्यालय में गोद लिए गए 5 टीबी मरीजों को पोषण सामग्री वितरित की गयी। जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. कुमारी गायत्री सिंह ने गोद लिए गए टीबी मरीजों के बीच पोषण सामग्री वितरित की। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि टीबी मरीजों को रोग से जल्दी उबरने के लिए दवा के पूरे कोर्स के सेवन के साथ पौष्टिक आहार का सेवन भी आवश्यक होता है। इसके लिए टीबी मरीजों को अपने खान पान में पौष्टिक तत्वों को शामिल करना चाहिए। निक्षय मित्र बन डॉ. रणवीर चौधरी ने 5 मरीजों के पोषण की जरूरतों का ध्यान रखने की जिम्मेदारी उठाई है जो प्रशंसनीय है। डॉ. रणवीर चौधरी द्वारा जिले के 5 टीबी मरीजों को गोद लिया गया है। ये मरीज हैं- मनोज पासवान, बबलू साह, अनन्या कुमारी, रवि कुमार एवं मोहम्मद अजमुल। गोद लिए गए मरीजों ने डॉ. रणवीर चौधरी एवं जिला यक्ष्मा कार्यालय का आभार जताया और कहा कि इससे उन्हें टीबी को मात देने में मदद मिलेगी।

**टीबी मरीजों को गोद लेना मेरी नैतिक जिम्मेदारी :** डॉ. रणवीर चौधरी विश्व स्वास्थ्य संगठन में स्वास्थ्य परामर्शी के रूप में कार्यरत



टीबी मरीज को सामग्री देती सीडीओ

हैं और टीबी उन्मूलन अभियान में विभाग को सहयोग कर रहे हैं। डॉ. रणवीर ने बताया कि मैं टीबी उन्मूलन अभियान से जुड़ा हूं और यह मेरी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि मैं निक्षय मित्र बन मरीजों को गोद लेकर उनके पोषण के जरूरतों का ध्यान रख सकूं। दवा के साथ पोषित शरीर ही टीबी से जंग जीत सकता है और मैं भविष्य में और टीबी मरीजों को गोद लूंगा।

**पोषण सामग्री प्राप्त होने से खुशी का हुआ अहसास :** गोद ली गयी टीबी मरीज 19 वर्षीय अनन्या ने बताया कि उसे पिछले माह जांच से पता चला कि वह टीबी से ग्रसित है और उसने तत्काल जिला यक्ष्मा कार्यालय से मिली दवा का सेवन शुरू कर दिया था। अनन्या ने बताया कि उसे खुशी है कि कोई उसके पोषण का भी ध्यान रखेगा और वह जल्दी टीबी को मात देकर स्वस्थ हो जाएगी।

**टीबी मरीजों को गोद लेकर प्रस्तुत करें उदाहरण :** जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी ने बताया कि निक्षय मित्र बनने के लिए लोगों से संपर्क किया जा रहा है। निक्षय मित्र बनने की इच्छा रखने वाले लोग जिला यक्ष्मा केंद्र या निक्षय मित्र के पोर्टल पर जा कर स्वयं अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। जिले में लोग निक्षय मित्र बनने के लिए आगे आ रहे हैं, लेकिन अभी और लोगों को आगे आने की जरूरत है। विदित हो कि योजना के तहत कोई भी स्वयंसेवी संस्था, राजनीतिक दल के लोग, गैर सरकारी संस्था के लोग या जनप्रतिनिधि तथा आमजन टीबी के मरीज को गोद ले सकते हैं। इस योजना के तहत 6 महीना से लेकर 3 साल तक किसी भी ब्लॉक, वार्ड या जिले के टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें भोजन, पोषण एवं आजीविका के लिए जरूरी मदद उपलब्ध करा सकते हैं।

## खबरें फटाफट

### रहस्यमय ढंग से लापता हुआ युवक

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अकालूपुर गांव का एक नौजवान रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है। लापता नौजवान अशोक कुमार यादव पिता सूरज नाथ यादव उम्र 27 वर्ष बुधवार की सुबह पटना दवा लाने के लिए घर से निकला था। जब देर शाम तक जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तब परिजनों ने उसकी खोज खबर शुरू की। चिंता की बात यह कि उसका मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है। उसका लोकेशन आरा तक बताया जा रहा है। परिजनों ने इस संदर्भ में स्थानीय थाना को लिखित शिकायत दी है। गुरुवार को दूसरे दिन देर शाम तक चिंतित घरवाले डुमरांव थाना से तत्काल युवक की खोजबीन तथा कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठे थे। पुलिस द्वारा अपने माध्यम से इस घटना में खोज खबर ली जा रही है।

### दुरासन में किसान पर जानलेवा हमला

**सिमरी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दुरासन गांव में खेत की रखवाली कर रहे एक किसान पर जानलेवा हमला कर उसके पॉकेट से दस हजार रूपया छिन लिया गया है। जख्मी किसान का ईलाज सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कराया गया है। इसकी पुष्टी करते हुए सिमरी थानाध्यक्ष ने बताया कि जख्मी की ओर से थाने में तीन लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई गयी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इधर घटना के बारे में घयला किसान योगेन्द्र यादव ने बताया कि मंगलवार को दोपहर साढ़े बारह बजे के करीब वह अपने खेत में चना की फसल का रखवाली कर रहा था। इसी बीच नामजद बाईक पर सवार होकर वहां पहुंचे योगेन्द्र यादव के ऊपर छुरा से हमला कर दिये। जिससे किसान जख्मी होकर जमीन पर गिर पड़ा। उसके बाद नामजदों ने किसान की लातघूसों से जमकर पिटाई कर दी। आस पास के खेतों में काम कर रहे किसान जब वहा पहुंचे तो आरोपी भाग खड़े हुए।

### आवास योजना का हुआ भौतिक सत्यापन

**केसठ।** प्रखंड के केसठ पंचायत में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास योजना की जांच किए। जांच के दौरान सरकारी राशि लेकर आवास निर्माण पूरा नहीं करने वाले लाभुकों को चेतावनी दी गई। साथी ही 7 दिनों के अंदर हर हाल में आवास निर्माण कार्य पूरा करने का सख्त निर्देश दिया गया।उन्होंने बताया कि कुल 10 आवासों की भौतिक जांच की गई इसमें कुछ लाभार्थी को छोड़कर अन्य का निर्माण कार्य प्रगति पर पाया गया। दो तीन लाभुकों द्वारा आवास का निर्माण कार्य पूरा भी कर लिया गया है। वहीं कुछ लाभार्थी अधूरा निर्माण कार्य करने के बाद काम को रोक दिया हैं, जिन्हें 2 दिन के अंदर कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रभात रंजन, आवास सहायक उमेश कुमार व अन्य मौजूद रहे।

# उद्घाटन मुकाबले में मुजफ्फरपुर ने गया को 52 रनों से हराया

## शहीद रविकांत सिंह क्रिकेट प्रतियोगिता

**केटी न्यूज/डुमरांव**

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी ने जिस शहीद आईपीएस रविकांत सिंह स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने खेल का जौहर दिखाया था, उसी टूर्नामेंट का एक बार फिर से आगाज गुरुवार को हुआ। डुमरांव के ऐतिहासिक राज हाई स्कूल के खेल मैदान में आयोजित इस टूर्नामेंट का उदघाटन मेथोडिस्ट अस्पताल के अधीक्षक डॉ आरके सिंह, शहीद रविकांत सिंह के परिवार की वरिष्ठ सदस्य कनक सिंह, प्रा फिल्म के डायरेक्टर व एनआरआई राजीव रंजन सिंह तथा आयोजक 11 स्टार क्रिकेट क्लब डुमरांव के संयोजक नरेन्द्रनाथ ओझा ने संयुक्त रूप से किया।



शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते मेथोडिस्ट अस्पताल के अधीक्षक।



मुजफ्फरपुर और गया के मैच के दौरान गेंद को डिफेंस करता बल्लेबाज।



मैन ऑफ द मैच मयंक को पुरस्कृत करते राजीव रंजन सिंह।

**मुजफ्फरपुर ने 21 ओवरों में पांच विकेट पर 164 रन बनाए:** उद्घाटन मुकाबला मुजफ्फरपुर और गया के बीच खेला गया। टॉस जीतने के बाद मुजफ्फरपुर ने पहले बल्लेबाजी निर्धारित 21 ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाए। मुजफ्फरपुर की तरफ से रवि ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। जबकि जीशन ने 42 व सोनू ने 40 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। गया की तरफ से निकू ने 3 व यशराज ने 1 विकेट लिया। जवाब में उतरी गया की टीम ने मुजफ्फरपुर की शानदार गेंदबाजी के आगे घुटने टेक दिए। पूरी टीम 17वें ओवर में 112 रनों पर ढेर हो गई। गया की तरफ से निकु ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। मुजफ्फरपुर की ओर से मयंक ने चार व सूरज ने 3 विकेट लिये। इस तरह मुजफ्फरपुर ने 52 रन से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मयंक को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रा फिल्म्स के डायरेक्टर राजीव रंजन सिंह द्वारा दिया गया। मैच में अंपायरिंग वेद प्रकाश व राजीव कमल मिश्र ने किया। कमेंट्रेटर के रूप में मनोज कुमार व स्कोरर के रूप में अभिषेक व चेतन रहे।

### रविकांत एकादश और भदोही का मैच आज

शुक्रवार को रविकांत एकादश और भदोही के बीच मैच खेला जाएगा। जो को प्री क्वार्टर मुकाबला है। कल के मैच में विजयी होने वाली टीम उसके अगले दिन रांची से भिड़ेगी। मैच के दौरान हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे। बल्लेबाजों के हर शॉट पर दर्शक तालियां बजा तथा करतल ध्वनियों से उनका हौसला अफजाई कर रहे थे। बता दें कि यह बिहार में सबसे अधिक इनामी राशि की क्रिकेट प्रतियोगिता है। फाइनल मुकाबला जीतने वाली टीम को 1 लाख 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार व ट्राफी प्रदान की जाएगी। आयोजन समिति के अग्रणी संजय शर्मा ने बताया कि पहले दिन करीब 10000 दर्शक मैदान में मौजूद थे।

# अतिक्रमण के नाम पर बेघर करने के खिलाफ माले ने दिया धरना



धरना देते माले कार्यकर्ता

**केटी न्यूज/बक्सर**

पटना हाई कोर्ट के आदेश पर बिना वैकल्पिक व्यवस्था के बासगीत परचाधारियों, पचासों वर्षों से बसे भूमिहीनों को प्रशासन द्वारा उजाड़ने के खिलाफ में भाकपा माले ने कलेक्ट्रेट पर धरना दिया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ माले नेता तथा इटाढ़ी प्रखंड के सचिव जगनारायण शर्मा व संचालन नावानगर प्रखण्ड सचिव कॉम हरेन्द्र राम ने किया।

धरना को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि पूरे राज्य में दलितों-गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। बिहार सरकार के द्वारा निर्देशित किया गया है कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के किसी भी गरीब-भूमिहीनों को उजाड़ा नहीं जायेगा। सूबे में गरीब विरोधी गिरोह कानूनी पेंच का फायदा उठाकर आवंटित बासगीत पर्चा के खिलाफ और अतिक्रमण वाद चलाकर गरीबों को उजाड़ने में लगे हैं। न्यायालय की आड़ में प्रशासन गरीबों-भूमिहीनों को उजाड़ने पर आमादा है। जबकि इनमें से तीन चौथाई लोगों को सरकार द्वारा बासगीत पर्चा भी दिया गया है। अपने जीवन भर की जमापूँजी लगाकर गरीब लोग पक्का/कच्चा मकान बनाकर पीढ़ियों से गुजर-बसर कर रहें हैं। घरों पर बुलडोजर चलाने का विरोध कर रहे लोगों पर बर्बर दमन अभियान और गिरफ्तारी भी चल रही है। जिस पर रोक लगाते हुए कहा कि भाकपा माले के साथी गाँव गाँव मे तैनात रहेंगे और अपनी जान की बाजी लगाकर किसी भी गरीब के घर पर बुलडोजर नहीं चलने देंगे। तत्पश्चात पांच सूत्री मांगों को डीएम को सौंपा। धरना को वरिष्ठ किसान नेता अलख नारायण चौधरी, नीरज यादव, सुकर राम, वीरेन्द्र सिंह, इनौस जिला सचिव धर्मेंद्र सिंह, कन्हैया पासवान, नारायण दास, वीरेंद्र सिंह, मोनू पासवान व अन्य थे।

## पुलिस की सक्रियता से अनुमंडल में शराब तस्करों की बढ़ी रही मुश्किलें

# अलर्ट मोड में पुलिस: छपरा की घटना के बाद पूरे दिन शराब की टोह में हुई छापेमारी

- डुमरांव में भी हो चुकी है जहरीली शराब पीने से आधा दर्जन लोगों की मौत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

छपरा में जहरीली शराब पीने से चालीस लोगों की मौत के बाद पुलिस अब अलर्ट मोड में आ गई है। गुरूवार को पूरे दिन डुमरांव अनुमंडल के सभी थानों की पुलिस शराब की टोह में छापेमारी करती नजर आई। सभी थानों की टीमें अपने-अपने थाना क्षेत्र में तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। बता दें कि छपरा की घटना से राज्य सरकार व पुलिस विभाग की खासी किरकिरी हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शराबबंदी कानून पर भी सवाल उठाए जा रहे है। वही शराब माफियाओं और पुलिस के गठजोड़ की बाते भी कही जा रही है। ऐसे में पुलिस अपने दामन को बेदाग करने के लिए अब तस्करों के खिलाफ आर पार के मूड में आ गई है। खासकर छपरा में जहरीली शराब कांड के बाद से पुलिस अब हर हाल में शराब तस्करी के जीरो टालरेंस की नीति पर चलती दिख रही है। गौरतलब है कि 26 जनवरी को डुमरांव अनुमंडल के मुरार थाना क्षेत्र अंतर्गत अमसारी गांव में जहरीली शराब पीने से छह लोगों की जान गई थी। छपरा की घटना के बाद स्थानीय पुलिस को अमसारी की घटना की यादें ताजा हो गई है। यही कारण है कि पुलिस महकमें पर लग रहे दाग तथा जहरीली शराब से होने वाली मौतों को रोकने के लिए पूरे लाव लश्कर के साथ मैदान में उतर गई है। गुरूवार को पुलिस की कवायदों के बाद यह कहा जा सकता है कि अब पुलिस शराब तस्करों के खिलाफ सबसे बड़ा अभियान चला रही है।



अवैध शराब को जब्त करते पुलिस जवान



"जिले में शराब तस्करों को पकड़ने और शराब के कारोबार को ध्वस्त करने के लिए सभी थानाध्यक्षों को विशेष निर्देश दिया गया है। जिसके मद्देनजर सभी थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।"

*– नीरज कुमार सिंह, एसपी, बक्सर*

वैसे भी अनुमंडल के सभी थाना क्षेत्रों में दर्जनों जगह अवैध शराब निर्माण व बिक्री के लिए कुख्यात रहे है।

शराबबंदी कानून लागू होने के बाद पुलिस खुद करीब आधा दर्जन गावों में विशेष जागरूकता अभियान चला लोगों को सामूहिक रूप से शराब नहीं पीने तथा बेचने का संकल्प भी दिलवाया था। लेकिन धरातल पर इसका कुछ भी फायदा अब तक देखने को नहीं मिला है। बता दें कि डुमरांव थाना क्षेत्र का बंझू डेरा, नोनियाडेरा, साफाखाना रोड की महादलित बस्ती, कोरानसराय थाना क्षेत्र का रानीबाग, स्थानीय दलित बस्ती, मठिला, मुरार थाने का अमसारी, चौगाई महादलित बस्ती, ब्रह्मपुर का ब्रह्मपुर, रघुनाथपुर, बगेन थाना क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा, नया भोजपुर ओपी का पुराना भोजपुर, सिमरी थाना क्षेत्र का कोलिया ताल, दियारा इलाका आदि जगह शराब तस्करी के लिए वर्षों से बदनाम है। इसके अलावे दर्जनों अन्य गांवों में भी समय समय पर शराब निर्माण व तस्करी का उदभेद्न पुलिस ने किया है। बावजूद पुलिस के लाख प्रयास के बाद भी इन गांवों का अबतक शराब करोबार से नाता नहीं टूट सका है। दो दिन पहले हुई छपरा की घटना के बाद अब पुलिस फिर से शराब तस्करों को सबक सिखाने के प्रयास में जुट गई है। लेकिन देखना है कि पुलिस का यह प्रयास कितना सफल हो पा रहा है।

# कलयुगी बेटे ने अपने ससुर, साले के साथ मिल पिता व भाई को पीटा, प्राथमिकी दर्ज

**केटी न्यूज/नावानगर**

- पीड़ित पिता ने थाने में की शिकायत, मामले की पुलिस ने की जांच

सोनवर्षा ओपी के दंगौली गांव में एक कलयुगी बेटा ने अपने ससुर एवं साले के साथ मिलकर पिता को बुरी तरह से पिट दिया है। पिता के साथ मारपीट देखकर बचाव करने पहुंचे दो भाइयों के साथ भी मारपीट कर जख्मी कर दिया गया है। इसको लेकर पिता सुदामा साह ने बेटा धर्मेंद्र साह, चुनमुन साह, ससुर झपसी साह, साला सोनू साह, मोनू साह समेत पांच अज्ञात पर सोनवर्षा ओपी में एफआईआर दर्ज कराया है।

इस मारपीट में पिता सुदामा साह एवं उनके दो पुत्र बिक्रमा साह, शंम्भू साह बुरी तरह से जख्मी हो गए है। सभी जख्मियों का नावानगर सीएचसी में इलाज कराया गया।

जख्मी पिता के अनुसार उनके पुत्र धर्मेंद्र साह, चुनमुन साह अपने परिवार के साथ अलग रहते हैं। गुरुवार को उनके खुंटा पर बंधी दुधारु मवेशी को अपने ससुराल से मिलने की बात कहकर जबर्दस्ती ले जाने लगा था। मना करने पर दोनों बेटे के साथ हसन बाजार के तिलकपुरा निवासी झपसी साह, सोनू साह, मोनु साह समेत पांच अज्ञात जो उनलोगों के साथ आये हुए थे। सभी लाठी डंडे से लैश हो उनके साथ मारपीट करने लगे। जब बचाने के लिए दोनों छोटे बेटे बिक्रमा साह एवं शम्भू साह पहुंचे, तो दोनों को भी आरोपियों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। बाद में गांव के लोग पहुंचे तो सभी फरार हो गये। इस संबंध में सोनवर्षा ओपी प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# रंग लाई जीविका दीदियों की मेहनत, मछलियों की पहली खेप बिकी

- जीविका दीदियों ने सरकारी जलाशय में मत्स्य पालन कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश

**वरूण कुमार/नावानगर**

प्रखंड के अतिमी पंचायत में जीविका दीदियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में पहल किया है। इससे जीविका दीदियों ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त होने की दिशा में अग्रसर करने के साथ अपनी अलग पहचान बनाया है। जीविका विभाग नावानगर से मिली जानकारी के अनुसार उनके द्वारा गठित 'मोहनी जीविका महिला मत्स्य उत्पादक समूह' की दीदियों ने गांव के सरकारी जलाशय में मत्स्य पालन किया। लगभग 6 माह बाद गुरुवार को जलाशय से मछली निकालकर बेच दिया। जिससे समूह को अच्छी आमदनी हुई है। इसको लेकर समूह के दीदियो में खुशी व्याप्त है।




तालाब से निकली मछली को दिखाती जीविका दीदियां

मोहनी जीविका महिला मत्स्य उत्पादक समूह की अध्यक्ष सुनीता देवी ने बताया कि पंचायत के 12 जीविका दीदियों ने उत्पादक समूह में जुड़ने के उपरांत जून 2022 में बिहार सरकार द्वारा आवंटित 99 फिट चौड़े व 103 फीट लंबे तालाब में जीविका के सहयोग से बोरवेल पंप, बिजली एवं तालाब की सफाई की गई। जिसके बाद 3000 मछली का जीरा डाला गया। छह माह देखरेख के बाद मछली औसतन आधा किग्रा से अधिक थी। मछलियों का कुल वजन आठ क्विंटल 10 किलो था। जिसकी राशि 86600 रुपए प्राप्त हुआ। मत्स्य पालन में लागत खर्च से 30 फीसदी मुनाफा हुआ। इस तरह जीविका दीदियों ने महिलाओं को मत्स्य पालन कर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दिया। मौके पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक पप्पू प्रसाद, जीविकोपार्जन विशेषज्ञ अखिलेश दीक्षित, क्षेत्रीय समन्वयक धनंजय भारती, शबीना समेत अन्य थे।

## किराए के भवन में संचालित होता था अस्थायी रैन बसेरा, नगर परिषद ने शुरू की कवायद

# अच्छी खबर : नप क्षेत्र में 2700 वर्गफीट भूमि पर बनेगा स्थायी रैन बसेरा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जायेगा रैन बसेरा का प्रस्तावित भवन

शहर में मेहनतकश जिंदगी के बाद कई दिहाड़ी मजदूरों व गरीबों को छत के अभाव में खुले आसमान के नीचे अपना जीवन बसर करना पड़ता है। ऐसे लोग बारिश व कड़ाके की ठंड में दिन-रात छत की तलाश में इधर-उधर भटकने को विवश होते है। ऐसे गरीबों को नगर परिषद आश्रय देगा। स्थायी रैन बसेरा के तहत छत मुहैया कराने की राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत विभाग ने पहल की है। नगर विकास व आवास विभाग ने डुमरांव नगर परिषद से स्थायी रैन बसेरा बनाने के लिए जमीन की मांग किया है। निर्देश के बाद नप प्रशासन जमीन चयन करने में जुटा है। रैन बसेरा का निर्माण अगले वित्तीय वर्ष तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

नप सूत्रों के अनुसार दो मंजिले भवन के निर्माण के बाद आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जायेगा। रैन बसेरा में गरीब हर मौसम में अलग-अलग तरीके से आनंद लेंगे। गर्मी के दिनों में पंखे-कूलर तो जाड़े के दिनों में दोहरे कंबल की सुविधा दी जायेगी। मनोरंजन के लिए टीवी भी लगाया जाएगा। रैन बसेरा के निर्माण को लेकर विभाग ने कम से कम 2700 वर्गफीट भूमि की जरूरत बताया है। भूमि की पहली प्राथमिकता शहर के आसपास एरिया के समीप होनी चाहिए। नगर परिषद इन इलाकों में या आसपास खाली पड़े भूमि का चयन करने में लगा है। नप प्रशासन ने बताया कि भूमि चयन के बाद डीपीआर तैयार कर विभाग के पास मंजूरी के लिए भेजा जायेगा।



भूमि का निरीक्षण करते इओ मनोज कुमार

**भोजन पकायेगी महिला टीम :** रैन बसेरा में शरण लिए गरीबों की लागत खर्च पर भोजन की सुविधा मिलेगी. इसके लिए बजट का निर्धारण किया जायेगा। इन गरीबों की भोजन की तैयारी महिला टीम करेगी। शहरी आजीविका मिशन के तहत हुनरमंद स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की टीम दक्ष होकर यह काम मे जुटेगी। भोजन सामग्री का भंडारण भी समूह द्वारा किया जायेगा। इनके लिए महिलाओं की समूह को नप द्वारा एक राशि की निर्धारण कर मानदेय दी जायेगी।

"रैन बसेरा के लिए मानक के अनुसार भूमि की मांग को लेकर प्रस्ताव भेजा गया है। आश्रय स्थल का निर्माण होने से भूमिहीन गरीबों को राहत मिलेगी। इस स्थल में कई सुविधाएं प्रदान की जायेगी।"

*– मनोज कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, नप डुमरांव।*

# 17 व 18 दिसम्बर को आयोजित होने वाला भिखारी ठाकुर महोत्सव स्थगित

**केटी न्यूज/बक्सर**

डिस्ट्रिक्ट आर्टिस्ट एसोसिएशन ऑफ बक्सर "डाब" के तत्वाधान में होने वाले दो दिवसीय 17 व 18 दिसम्बर को भिखारी ठाकुर महोत्सव 2022 कार्यक्रम को लेकर एक आवश्यक बैठक स्थानीय रामलीला मंच पर की गई।

जिसकी अध्यक्षता डाब के अध्यक्ष सुरेश संगम व संचालन महासचिव हरिशंकर गुप्ता ने की। बैठक में भिखारी ठाकुर महोत्सव के आयोजन को लेकर स्थानीय प्रशासन से बातचीत के बाद तय हुआ कि उक्त तिथि को बक्सर नगर परिषद् के प्रथम चरण के चुनाव व जिले में लागू आचार संहिता के मद्देनजर भिखारी ठाकुर महोत्सव के भव्य कार्यक्रम को 17-18 दिसम्बर 22 को स्थगित किया जाता है। साथ ही यह भी तय किया गया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम सह सम्मान समारोह की तिथि आगे बढ़ाते हुए इसको नये वर्ष के अवसर पर कोई तिथि निश्चितकर महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जाय। इस मौके पर जानकारी देते हुए डाब के अध्यक्ष आयकर अधिवक्ता सुरेश संगम ने बताया कि आगामी 18 दिसम्बर को संध्या चुनाव सम्पन्न के पश्चात भोजपुरी के शेक्सपियर कहे जाने वाले भिखारी ठाकुर जी की जयंती दीप प्रज्वलित कर संस्थान मे साधारण तरिके से मनाया जायेगा।

## खबरें फटाफट

### 30 जनसेवा केंद्र संचालक पुरस्कृत

**बलिया।** जनपद में बेहतर कार्य करने वाले 30 जनसेवा केंद्र के संचालकों को कलेक्ट्रेट सभागार में पुरस्कृत किया गया। बीएलएस कम्पनी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (ईडीएम) अभिजात सिंह ने एलईडी टीवी व अन्य इलेक्ट्रिक सामान पुरस्कार स्वरूप भेंट कर सबका उत्साहवर्धन किया। ईडीएम ने कहा कि ऑनलाइन सुविधाओं को जनता तक पहुंचाने में जन सेवा केंद्रों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी केंद्र संचालकों से आवाह्न किया कि पूरी ईमानदारी और निष्ठा से लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सकारात्मक भूमिका निभाएं। इस अवसर पर बीएलएस कंपनी के प्रोजेक्ट हेड धीरेंद्र निगम, जिला प्रभारी रितेश श्रीवास्तव, अजय कुमार दूबे, रामकुमार चौहान, ममता देवी, संजू देवी, सोनी, इंदु, अभिषेक दूबे व संचालक उपस्थित थे।

### दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**बलिया।** चितबड़ागांव कस्बा के वार्ड नंबर 13 जयप्रकाश नगर निवासी सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत गुरुवार को वाराणसी ट्रामासेंटर में इलाज के दौरान हो गई। बीते नौ दिसंबर को जयप्रकाश नगर निवासी इरफान 23 पुत्र मोहम्मद इमामुद्दीन अंसारी सवारी लेकर बलिया से आ रहा था। तभी कपूरी नगर के पास बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया था। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने वाराणसी ट्रामा सेंटर भेज दिया। गुरुवार की शाम उसका शव पहुंचते ही परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

### छह को बाल श्रम से कराया गया मुक्त

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर सहायक श्रम आयुक्त प्रभात कुमार सिंह की अध्यक्षता में में श्रम प्रवर्तन अधिकारी लईक अहमद एवं पुलिस टीम के साथ मऊ मुख्यालय स्थित लगभग आधा दर्जन प्रतिष्ठान पर श्रम विभाग की टीम द्वारा छापामारी की गई। जिसमें लगभग कई दुकानों पर 15 वर्ष से लेकर 17 वर्ष तक के बच्चों को काम करते हुए पाया गया। जिसको बाल श्रम से मुक्त कराया गया। इस मौके पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि मऊ सदर स्थित कुल 5 प्रतिष्ठानों से 6 बच्चे काम करते हुए पाए गए। इन्हें वहां से हटाते हुए प्रत्येक प्रतिष्ठान के मालिक को नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी। इस छापामारी को लेकर मऊ सदर स्थित विभिन्न स्थानों पर हड़कंप मचा रहा।

# गड़बड़झाला: खाली पड़ी रही मजिस्ट्रेट की कुर्सी, कोतवाली में हो गई वाहनों की नीलामी

**तिलक कुमार/बलिया**

शहर कोतवाली में गुरुवार को वाहनों की नीलामी तो हुई, लेकिन बिना मजिस्ट्रेट के। हालांकि इस संबंध में जब पुलिस महकमे के जिम्मेदारों से बात की गई, तो अपर पुलिस अधीक्षक ने जहां मामले में अनभिज्ञता जाहिर की।

वहीं सीओ सिटी ने कहा कि मजिस्ट्रेट आए तो थे, लेकिन जरूरी मीटिंग होने के कारण चले गए थे। जबकि शासन के द्वारा जारी नियमावली के अनुसार जब्त वाहनों की नीलामी का नियम यही है कि जब तक नीलामी की कार्यवाही पूर्ण नहीं हो जाती, मजिस्ट्रेट नहीं हट सकते हैं। खैर कुछ भी हो शहर कोतवाली में सारे नियम कानूनों को ताक में रखकर वाहनों की नीलामी कर दी गई। कोतवाली में इस तरह वाहनों की नीलामी होने से तरह–तरह की चचाएं व्याप्त है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जिला मुख्यालय स्थित शहर कोतवाली में गुरुवार को जब्त दो पहिया और चार पहिया वाहनों की

- ❒ पुलिस द्वारा मीडिया व जनता को नहीं दी गई निलामी की सूचना
- ❒ नियमों के तहत वाहनों की निलामी में मजिस्ट्रेट की मौजूदगी अनिवार्य

नीलामी की गई। इस दौरान कमेटी मजिस्ट्रेट, एआरटीओ व क्षेत्राधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है। लेकिन अफसोस पूरी नीलामी


जब्त वाहनों की निलामी के दौरान खाली पड़ी मजिस्ट्रेट की कुर्सी

अवधि में मजिस्ट्रेट की कुर्सी खाली रही और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में नीलामी का कार्य पूरा कर लिया गया। वैसे चर्चा इस बात की भी जोरों पर है किसी अखबार में नीलामी की सूचना नहीं दी गई थी, पुलिस विभाग चुपके-चुपके कोरम के तौर पर नीलामी कराई। उधर मजिस्ट्रेट की कुर्सी खाली रहने से चचाओं का बाजार गर्म है। वहीं, पुलिसिया सूत्रों ने दबी जुबान बताया कि गुरुवार को हुई निलामी सारे नियम कानून को ताक पर रख कर की गई है। नीलामी में नियम की जमकर धज्जियां उड़ाई गई है। वहीं, नीलामी में मजिस्ट्रेट की कुर्सी खाली रहने के सवाल पर सीओ सिटी ने कहा कि मजिस्ट्रेट आए थे, लेकिन जरूरी मीटिंग होने के कारण चले गए।

> "मामला मेरे संज्ञान में नहीं है, यदि बिना मजिस्ट्रेट की नीलामी हई है, तो यह गंभीर मामला है। जिसकी जांच की जाएगी। साथ ही, मामले में संबंधित पुलिस अधिकारी पर कार्यवाही की जा सकती है।"
>
> *– दुर्गा प्रसाद तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक, बलिया*

### हत्या के आरोपियों की गरिफ्तारी के लिए ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच किया प्रदर्शन

# गाजीपुर के रजदेपुर टेढ़वा में अधेड़ की पत्थर से मार की हत्या, चार पर प्राथमिकी

- मृतक की पत्नी ने कहा- चारों ने ईंट-पत्थर से उसके पति को मारा
- अस्पताल पहुंचने से पहले ही चली गई नंदा की जान

**केटी न्यूज/गाजीपुर**


एसपी कार्यालय के समक्ष ग्रामीणों को समझाती पुलिस

जनपद के शहर कोतवाली अंतर्गत रजदेवपुर टेढ़वा के पास बीते दिन देर शाम हमलावरों ने ईंट-पत्थर से मारकर एक अधेड़ की हत्या कर दी। घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। इस मामले में परिजनों की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घटना के बाद आक्रोशित परिजन व ग्रामीण पुलिस कार्यालय के सामने पहुंचकर हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। जहां सीओ सिटी ने हत्यारोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का अश्वासन देकर मामला शांत कराया। जिसके बाद पुलिस मामले में कार्रवाई करने में जुट गई।

**पति को पिटता देख शांति ने शोर मचाया :** बताया जाता है कि रजदेपुर टेढ़वा निवासी नंदा नंदलाल (50 वर्षीय) अपनी पत्नी शांति देवी के साथ गुरूबाग के तरफ गए थे। जहां नंदा मंदिर के सामने हैंडपंप के पास टहल रहा था, जबकि उनकी पत्नी शांति देवी शौच के चली गई। शांति देवी ने बताया कि हैंडपंप के पास टहल रहे थे। इसी बीच रजदेपुर टेढ़वा के चार युवक वहां पहुंचे और ईंट-पत्थर से नंदलाल को मारने लगे। पति को पिटता देख वह भी वहां दौड़कर पहुंच गई और शोर मचाने लगी। जब-तक वहां लोग पहुंचते हमलावर फरार हो गए। जानकारी होते ही परिवार के लोग वहां पहुंच गए और गंभीर रूप से घायल नंदा को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मलते ही पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज दिया।

### मृतक की पत्नी ने दी थाने में तहरीर

इस मामले में मृतक की पत्नी शांति देवी ने रिंकू, छोटू, असंत और दीपक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। दूसरे दिन पीड़ित परिजन की महिलाओं के साथ पुलिस कार्यालय के सामने पहुंची और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगी। जानकारी होने पर सदर विधायक जैकिशन शाहू भी वहां पहुंच कर परिवार को सांत्वना देने लगे।सीओ गौरव कुमार ने महिलाओं को आश्वासन देकर मामला शांत कराया। कोतवाली प्रभारी टीवी सिंह ने बताया कि कुछ दिन पूर्व एक झगड़ा हुआ था। जिसमें मृतक के लड़के ने असंत की जमकर पिटाई कर दी थी। इसी को लेकर ये घटना हो सकती है। फिलहाल मामले की छानबीन की जा रही है। इस संबंध में सीओ सिटी गौरव कुमार ने बताया कि जल्द ही हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म व गर्भपात के मामले में मां-बेटा गिरफ्तार, अस्पताल पर कार्रवाई नहीं



**बलिया।** मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना में रेवती पुलिस ने पीड़ित किशोरी के पिता की तहरीर पर रेवती थाना क्षेत्र के आरोपी युवक व उसकी मां के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय कर दिया, जहां उन्हें जेल भेज दिया गया। एसएचओ रेवती हरेन्द्र सिंह के अनुसार पीड़ित किशोरी के पिता बिहार में मछली पकड़ने का काम करता है। पीड़िता की मां का निधन हो चुका है। पीड़िता को घर में अकेली देख आरोपी ने बहला फुसलाकर कई बार दुष्कर्म किया। किशोरी के गर्भवती होने पर दुष्कर्मी की मां ने धमका कर बैरिया स्थित एक निजी चिकित्सालय ले जाकर गर्भपात करवा दिया। किशोरी की हालत बिगड़ने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर एसडीएम बैरिया आत्रेय मिश्र, चौकी इंचार्ज बैरिया अतुल कुमार मिश्रा व पुलिस बल पहुंचकर मामले की जांच की। इलाज के लिए पीड़िता को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, नाबालिग का गर्भपात कराने वाले अस्पताल के खिलाफ किसी तरह का मामला दर्ज नहीं किया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। इधर जबरन गर्भपात कराने वाली दुष्कर्मी की मां और आरोपी को रेवती पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

### प्रशासन की निगरानी में हटाया गया अतिक्रमण



**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना में शहीद चौराहे के इर्द-गिर्द ऑटो रिक्शा समेत अन्य दुकानदारों द्वारा पटरी पर अतिक्रमण कर रास्ते को अवरुद्ध करने के मामले को संज्ञान में लेते हुए उप जिलाधिकारी मोहम्मदाबाद गोहना एवं पुलिस उपाधीक्षक ने बुधवार को देर शाम नगर पंचायत के बाबू एवं चपरासियों की मदद से जेसीबी लगाकर दर्जनों दुकानों पर लगे छप्पर एवं टीन शेड तथा गुमटियों को हटवाया। बताया जाता है कि आजमगढ़ मऊ मुख्य मार्ग पर शहीद चौराहे के निकट सड़क के दोनों तरफ पटरी, खेला पर दुकानदार सुबह से ही आगे बढ़ाकर अपने दुकान को लगा लेते ह। जिससे आए दिन सहीद चौराहे पर जाम की समस्या उत्पन्न होती है। उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार यादव व पुलिस उपाधीक्षक अजय प्रताप सिंह ने नगर पंचायत कर्मियों को शहीद चौराहे के पास तलब किया। लेकिन मौके पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत नदारद रहे। बाबू एवं चपरासियों ने उनकी जगह पर कमान संभाला। एसडीएम एवं सीओ ने कहा कि जब तक पूरा शहीद चौराहा अतिक्रमण मुक्त ना हो जाए, तब तक यह अभियान प्रत्येक दिन चलाया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत



**मऊ।** रानीपुर थाना अंतर्गत गुरुवार की शाम भुसुवा मोड़, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंडरपास के सर्विस रोड पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। बताते चलें कि मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के बरड़ीहा गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार उम्र 32 वर्ष पुत्र रामाश्रय पासवान बाइक से अपने ससुराल खिरिया पूर्वांचल एक्सप्रेस के सर्विस रोड से जा रहा था। अभी वह भूसुवा मोड़ के पास ही पहुंचा था कि पलिया की तरफ से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने धर्मेंद्र की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे धर्मेंद्र की मौत हो गई। वाहन चालक मौके से फरार ही गया। मौके पर परिजन पहुंचकर रोने चिल्लाने लगे। वहीं, रानीपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार प्रभाकर अपने टीम के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता रामाश्रय पासवन के द्वारा रानीपुर थाने में वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दे दी गई।

### तमंचा लेकर डांस करने वाला युवक गिरफ्तार



**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक (नगर) तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में ट्वीटर पर वायरल वीडियो को संज्ञान लेकर कार्रवाई की गई। वीडियो में एक व्यक्ति अपने दोनों हाथों में तमंचा लेकर डांस कर रहा है। इसका पता लगाते हुए थानाध्यक्ष जंगीपुर अशोक कुमार मिश्रा, उनि कृष्ण कुमार उपाध्याय, कॉन्स्टेबल जितेश कुमार, मुंशीलाल, मो. तनवीर अतहर और महिला कॉन्स्टेबल रंजना कनौजिया के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर फोटो व वीडियो दिखाकर पता किया, तो उक्त व्यक्ति की शिनाख्त गांधी यादव उर्फ करन यादव पुत्र हवलदार यादव निवासी ग्राम सोहबतिया थाना जंगीपुर के रूप में हुई। पुलिस ने उसे पकड़ कड़ाई से पूछाताछ की। जिस पर उसने अपने घर से एक अदद तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस, 315 बोर बरामद कराया। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार करते हुए आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया।

## अब गंगा किनारे के नाविकों के भी बहुरेंगे दिन: दयाशंकर सिंह

**केटी न्यूज/बलिया**

प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सुरहा क्षेत्र की तरह गंगा किनारे के नाविकों के भी दिन जल्द बहुरेंगे। जिस तरह सूरहा ताल में पर्यटन को पंख दिया गया है, वैसे ही गंगा किनारे के नाविकों को भी रोजगार के भरपूर अवसर दिए जाएंगे। इसकी रुपरेखा तय की जा रही है।

परिवहन मंत्री बुधवार को जिले में प्रवास के दौरान कहा कि जनपद को देश के पर्यटन के मानचित्र पर लाना प्राथमिकता पर है और इसके लिए हरसंभव प्रयास होगा। पर्यटन के लिहाज से यहां अपार संभावनाएं हैं, जिसे विकसित करने का काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भृगु कारिडोर यहां पर्यटन का मुख्य केंद्र बनेगा। जल परिवहन के क्षेत्र में बलिया हर मामले अव्वल रहेगा। इसमें स्थानीय नाविकों व निषाद जाति के लोगों को रोजगार से जोड़ना प्रमुख लक्ष्य है। सूरहा में पर्यटन के शुरू हो जाने से स्थानीय नाविकों व अन्य लोगों को रोजगार के काफी अवसर मिलेंगे। इसी तरह गंगा नदी में जलमार्ग के विकसित होने के बाद स्थानीय नाविकों को भी इसका लाभ मिलने लगेगा। इसमें आगे कटहल नाला के रास्ते गंगा नदी को सीधे सुरहा से जोड़ने का काम किया जाएगा।

इसके लिए गंगा किनारे के नाविकों की सारी जानकारी जुटाने के निर्देश दे दिए गए हैं। प्रशासन से इसका भी प्रस्ताव बनाकर शासन में भेजने को कहा जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि आने वाले समय में अपना जनपद किसी भी बड़े शहरों से कम नहीं रहेगा। कहा कि इसके अलावा शहर में नाली निर्माण, सीवरेज व्यवस्था आदि को भी जल्द दुरुस्त कराया जाएगा।

## अव्यवस्थाओं को लेकर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों का हंगामा, मौके पर पहुंचे डीएम

- ♦ जिलाधिकारी ने छात्रों को जल्द समस्याओं के निदान का दिया आश्वासन

**केटी न्यूज/मऊ**


नवोदय विद्यालय में पहुंचे डीएम व अन्य अधिकारी

जिले के महुआर स्थित कसारा जवाहर नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों ने गुरुवार की सुबह समस्याओं को लेकर हंगामा किया। बालक छात्रावास भवन गेट पर सैकड़ों विद्यार्थी जामा हो गए। जो प्राचार्य के प्रति नाराजगी जताने के साथ शिक्षा व्यवस्था खराब होने व स्कूल में हो रही असुविधा को लेकर नारेबाजी करने लगे। मामले की जानकारी के बाद डीएम व एसपी, एसडीएम सदर मौके पर पहुंचे। उन्होंने छात्रों की समस्या सुनी और निराकरण का आश्वासन दिया। इसके बाद विद्यार्थी गेट से वापस हॉस्टल चले गए।

छात्रों ने बताया कि छह महीने पहले 160 टैबलेट आया था, लेकिन किसी को वितरण नहीं किया गया। यहां एक सब्जेक्ट चलता है। एडिशनल सब्जेक्ट के लिए एक अलग से शिक्षक होते है, लेकिन अबतक इनकी नियुक्ति नहीं हुई। लाइब्रेरी से इसकी किताबें भी नहीं मिल रही हैं। छात्रों ने सुबह से बिना कुछ खाए पीये प्रदर्शन शुरू कर दिया है। बच्चे विभागीय अधिकारियों व डीएम को बुलाने की जिद पर अड़े हैं। बालक छात्रावास गेट पर प्रिंसिपल के विरुद्ध धरने के दौरान छात्र नारेबाजी भी कर रहे हैं। छात्रों के आक्रोश को देखते हुए विद्यालय के गेट पर पुलिस तैनात कर दी गई है। विद्यार्थियों ने व्यवस्थाओं को लेकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध जताया। इसकी जानकारी जैसे ही जिला प्रशासन को हुई। जिलाधिकारी अरूण कुमार व अविनाश कुमार पाण्डेय एस ओ अमित कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे। उन्होंने विद्यार्थियों से वार्ता की। उनकी समस्याओं सुनी और जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया।

### अनारक्षित अध्यक्ष पद के लिए पांच सौ और आरक्षित के लिए ढाई सौ रुपए मूल्य निर्धारित

# नपा चुनाव: नामांकन पत्रों का मूल्य और जमानत राशि तय

- ♦ आरक्षित वर्ग में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग व महिला सम्मिलित

**केटी न्यूज/बलिया**




नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2022 में नगर पालिका के अनारक्षित अध्यक्ष पद के लिए 500 रुपए और आरक्षित पद के लिए 250 रुपए नामांकन पत्र का मूल्य निर्धारित किया गया है। वहीं, अनारक्षित नगर पंचायत के लिए 250 रुपए और आरक्षित के लिए 125 रुपए है।

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार नगर पालिका परिषद के सदस्य के लिए अनारक्षित को 200 रुपए, आरक्षित पद के लिए 100 रुपए एवं नगर पंचायत का अनारक्षित का 100 रुपए व आरक्षित पद के नामांकन पत्र का 50 रुपए मूल्य है। सभी पदों के समस्त वर्ग के लिए सफेद रंग का नामांकन पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आरक्षित वर्ग के अंतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग तथा महिला सम्मिलित है। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार के अनारक्षित पद पर नामांकन करने पर भी आरक्षित श्रेणी के लिए निर्धारित नामांकन पत्र का मूल्य लिया जाएगा। पंचस्थानीय निर्वाचन कार्यालय के अनुसार नगरपालिका के अनारक्षित अध्यक्ष पद के लिए आठ हजार तथा आरक्षित के लिए चार हजार रुपये, अनारक्षित नगर पंचायत के लिए पांच हजार, आरक्षित के लिए ढाई हजार रुपये जमानत राशि होगी। नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के सदस्य पद के लिए अनारक्षित का दो हजार तथा आरक्षित के लिए एक हजार रुपये जमानत राशि जमा करनी होगी। किसी उम्मीदवार के एक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिकतम चार नामांकन पत्र खरीदकर भरे जा सकते हैं, लेकिन उम्मीदवार को जमानत की राशि एक बार ही जमा करनी होगी। निर्वाचन आयोग ने नगर पालिका अध्यक्ष के लिए 9,00,000 रुपए नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 2,50,000 रुपएनगरपालिका सदस्य के लिए दो लाख तथा सदस्य नगर पंचायत के लिए 50,000 रुपए अधिकतम व्यय सीमा निर्धारित की है।

### नामांकन पत्र भरने के लिए उम्मीदवारों को निम्न अभिलेखों को साथ लाना जरूरी

**बलिया।** उम्मीदवार को नामांकन पत्र के साथ निर्वाचक नामावली की छाया प्रति, आयु प्रमाण पत्र, उम्मीदवार एवं प्रस्तावक का फोटो, एक वर्ष से अधिक अवधि के बकायेदार न होने का प्रमाण पत्र, जमानत धनराशि की रसीद, जाति प्रमाण पत्र, अपराध एवं संपत्ति का विवरण, राजनीतिक दल का प्रत्याशी होने पर प्रारूप 07-क एवं 07-ख मूल रूप में प्रस्तुत करना होगा। राज्य निर्वाचन आयोग से नामांकन पत्रों के संबंध में दिशा निर्देश प्राप्त हो गया है। उसी के अनुरुप नामांकन पत्रों की बिक्री की जाएगी।